दिन– शनिवार दिनांक– 28 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार संपन्न।

02. बीपीएससी ने सत्तरवीं राज्य सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों से परीक्षार्थियों को सावधान रहने की अपील की।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की एक सौ सत्रहवीं कड़ी में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

04. और, गोपालगंज में खेलो इंडिया राष्ट्रीय जूनियर, सब–जूनियर बालिका खो–खो लीग प्रतियोगिता शुरू।

———————————————————————

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को आज नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

–––बाईट–––

औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जगत प्रकाश नड्डा तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ दिल्ली के निगम बोध घाट पर किया गया। इससे पहले, आज सुबह, उनके पार्थिव शरीर को, उनके घर से, कांग्रेस मुख्यालय लाया गया। इसके बाद, वहां से, फूलों से सजे वाहन में अंत्येष्टि स्थल ले जाया गया। देश में, एक जनवरी तक, सात दिनों के लिए राजकीय शोक घोषित किया गया है। डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन सार्वजनिक सेवा और समाज के उत्थान के लिए समर्पित था। डॉ. सिंह को भारत के आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में उनके परिवर्तनकारी योगदान के लिए देश उन्हें हमेशा याद रखेगा। रहीसुद्दीन रिहान के साथ आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख दिनेश के. त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह, भूटान नरेश जिगमे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरिशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफल ने भी डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को आज सुबह कांग्रेस मुख्यालय से अंत्येष्टि स्थल निगम बोध घाट लाया गया। उनके पार्थिव शरीर को उनके निवास से कांग्रेस मुख्यालय लाया गया था जहां आम लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके अंतिम दर्शन किए। डॉक्टर सिंह का बृहस्पतिवार को नई दिल्ली में निधन हो गया था। वे बानवे वर्ष के थे। वे लंबे समय से बीमार थे। उनका जन्म 26 सितम्बर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब राज्य में हुआ था। एक श्रद्धांजलि–

———बाईट———

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर आज पंचतत्व में विलीन हो गया। हाथों में पुष्प, मन में आदर और आंखों में आंसू लिए डॉ सिंह के निधन से शोक में डूबे देश ने दलीय और क्षेत्रीय सीमाओं से उठकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभी लोगों ने अलग अलग रूप में राष्ट्र जीवन में गहरा असर डालने वाले उनके योगदान को याद किया। सिंह उन दिग्गजों में से एक थे जिन्होंने नए उदारवादी भारत की कल्पना की थी। वे एक सच्चे राजनेता थे जिनके शांत व्यवहार ने उनके परिवर्तनकारी प्रभाव को झुठला दिया। मनमोहन सिंह ने 33 सालों तक राज्यसभा के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दी। 2004 से 2014 तक वह यूपीए सरकार में देश के प्रधानमंत्री रहे। इसके अलावा, 1991 से 1996 तक उन्होंने नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री के रूप में कार्य किया था। उनके दिल में कविताएं और शायरी धड़का करती थी। डॉ. सिंह के लोकसभा में दिए गये शेर का ये अंश याद आ रहा है——माना कि तेरी दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक देख, मेरा इंतजार देख। समाचार कक्ष से एक श्रद्धांजलि।

————————————————————————

गृह मंत्रालय ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार को इस संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से अनुरोध प्राप्त हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के तुरंत बाद गृह मंत्री अमित शाह ने श्री खरगे और डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार को बताया कि सरकार स्मारक के लिए जगह आवंटित करेगी।

————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के सांसद और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार देश के आर्थिक विकास की मजबूत आधारशिला रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को उचित सम्मान देने के प्रति पूर्णरूप से वचनबद्ध है।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द किए जाने की मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग में उम्मीदवारों का धरना प्रदर्शन आज ग्यारहवें दिन भी जारी है। प्रदर्शनकारी छात्रों ने कहा है कि वे इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री से बात कर उनसे हस्तक्षेप का अनुरोध करना चाहते है। जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने धरना स्थल पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की। प्रशांत किशोर ने कल पटना

के गांधी मैदान में इस मुद्दे को लेकर विद्यार्थी संवाद बुलाया है। इधर, बीपीएससी ने एक बार फिर कहा है कि तेरह दिसम्बर को हुई सत्तरवीं एकीकृत संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द नहीं की जाएगी। आयोग के परीक्षा नियंत्रक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि पटना के बापू परीक्षा परिसर की रद्द परीक्षा अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चार जनवरी दो हजार पच्चीस को आयोजित होगी। आयोग ने परीक्षा के संबंध में सोशल मीडिया पर चल रही खबरों को लेकर परीक्षार्थियों से गुमराह नहीं होने की अपील की है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सत्रहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————

गोपालगंज के मिंज स्टेडियम में आज से खेलो इंडिया राष्ट्रीय जूनियर–सब जूनियर बालिका खो–खो प्रतियोगिता की शुरूआत हो गई। जिलाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच ने तीस दिसंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता का आयोजन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, बिहार खो–खो संघ और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में आठ राज्यों– कर्नाटक, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश, पंजाब और बिहार की पन्द्रह टीमे भाग ले रही है।

———————————————————————

प्रदेश में पिछले ग्यारह महीनों के दौरान पैंतीस हजार छह सौ सड़सठ किशोर साइबर धोखाधड़ी के शिकार हुए। चाईल्ड हेल्पलाइन नम्बर– एक शून्य नौ आठ पर आयी कॉल से यह खुलासा हुआ है। बिहार राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के

अध्यक्ष अमरदीप ने बताया कि सबसे अधिक पटना में आठ हजार आठ सौ पैंसठ किशोर साइबर ठगी के शिकार हुए। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर अकाउंट रखने वाले युवा सबसे अधिक धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं।

————————————————————————

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना पुलिस ने तारापुर दियारा क्षेत्र में छापेमारी कर चार मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन किया है। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि छापेमारी में बड़ी संख्या में हथियार बनाने के समान के साथ एक तस्कार को गिरफ्तार किया गया है।

———बाईट———

————————————————————————

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने भारतीय डाक को लाभ अर्जित करने वाली कंपनी बनाने के लिए मंत्रालय की पूंजी खर्च की मांगें प्रस्तुत की। नई विकास योजना प्रस्तुत करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि विभाग का लक्ष्य अधिकतम प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाना है। श्री सिंधिया ने बताया कि देशभर में बुनियादी ढांचे के विकास और डाक घरों के साथ—साथ कर्मचारियों के आवासीय क्वॉर्टरों के पुनरूद्धार पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

————————————————————————

केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण— सीसीपीए को कैब चालको द्वारा अलग—अलग कीमतों के आरोपों की जांच के निर्देश दिये हैं। कैब चालक कथित तौर पर एंड्रॉइड और एप्पल उपभोक्ताओं से एक ही सवारी के लिए अलग किराया वसूल रहे हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री जोशी ने कहा कि उन्होंने सीसीपीए से इस मामले में विस्तृत जांच करने और जल्द से जल्द एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। श्री जोशी ने विभाग से फूड डिलीवरी ऐप, ऑनलाइन टिकट बुकिंग पर भी गौर करने को कहा है।

————————————————————————

मौसम विभाग ने आज राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पश्चिमी भागों में कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है। कल सुपौल, अररिया, किशनगंज, भागलपुर और बांका में बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों के अधिकांश स्थानों में घना कोहरा और शेष भागों में हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाईट———

इधर, मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार राज्यभर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से लगभग चार डिग्री सेल्सियस ऊपर बना हुआ है।

———————————————————————

एनआईटी, पटना का तेरहवां दीक्षांत समारोह आज पटना में आयोजित किया गया। समारोह में चौदह छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किये गये। समारोह में एक हजार बहत्तर छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई। इधर, आईआईटी पटना में कल्चरल मीट सेवेन प्वाइंट ओ में लगातार तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

———————————————————————

दरभंगा के लक्ष्मेश्वर सिंह पब्लिक लाइब्रेरी में नॉर्थ बिहार हॉर्टीकल्चर सोसाइटी की ओर से दो दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन जिलाधिकारी राजीव रौशन ने किया।

———————————————————————

अररिया जिला में पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाकर ढ़ाई दर्जन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से लगभग बारह किलो स्मैक, विदेशी शराब, देशी हथियार बरामद किया है।

———————————————————————

लखीसराय के मंडल कारा में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अस्सी बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

———————————————————————

जहानाबाद जिले के घोषी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के पैक्स अध्यक्ष के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान संपन्न हो गया। गौरतलब है कि मतदाता सूची में गड़बड़ी के कारण पिछले दिनों यहां पैक्स चुनाव रोक दिया गया था।

———————————————————————

भोजपुर जिले में वस्त्र मंत्रालय के पूर्वी प्रक्षेत्र कार्यालय की ओर से मुंज से बनने वाले हस्तशिल्प उत्पादों के निर्माण में कौशल प्रशिक्षण के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सहायक निदेशक मुकेश कुमार ने कहा है कि यह प्रशिक्षण आरा में दिया जायेगा।

———————————————————————

01. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार संपन्न।

02. बीपीएससी ने सत्तरवीं राज्य सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही अफवाहों से परीक्षार्थियों को सावधान रहने की अपील की।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की एक सौ सत्रहवीं कड़ी में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

04. और, गोपालगंज में खेलो इंडिया राष्ट्रीय जूनियर, सब–जूनियर बालिका खो–खो लीग प्रतियोगिता शुरू।

———————————————————————

समाप्त